







## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब जब्त एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम पचेड़ा के पेट्रोल पंप के पीछे शराब की अवैध बिक्री करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ खल्लारी पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी भूपेंद्र कुमार निषाद पिता सलखु राम निषाद (39 वर्ष) पचेड़ा के कब्जे से 32 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2560 रुपए को जब्त किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बैडमिंटन खेलने गए युवक की बाइक चोरी

**महासमुंद।** बैडमिंटन खेले गए भंवरपुर निवासी एक युवक की बाइक चोरी हो गई। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी सुनील कुमार श्रीवास पिता दसरथ श्रीवास (35 साल) भंवरपुर ने बताया कि वह 28 जुलाई की रात करीबन 8 बजे अपनी मोटर सायकल क्र. सीजी 11 सीए 8218 को मंडी के बाहर खड़ी मंडी गढ़ मैदान में बैंटमिंटन खेलने गया था। वापस आकर देखा तो बाइक उक्त स्थान पर नहीं थी।

### युवती से मारपीट

**महासमुंद।** वार्ड 11 बसना में पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज और मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। फोकटपारा निवासी प्रार्थिया दुलेश्वरी दुबे ने पुलिस को बताया कि 31 जुलाई की रात 8 बजे पड़ोसी विकास उनके घर में घुसकर पुरानी रंजिश को लेकर उसकी बेटी निर्मला दुबे व बेटे विशाल मिश्रा से विवाद कर गाली गलौच करने लगा, जिसे निर्मला दुबे द्वारा मना किया गया, तब आरोपी विकास के द्वारा प्रार्थिया की बेटी के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

# आंगनबाड़ी भवन हुआ जर्जर, दुर्घटना की आशंका, नए निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्कूलों की जर्जरता के चलते हादसों की जानकारी मिलने का सिलसिला थमा नही है। इधर, जर्जर आंगनबाड़ियों मे हादसों का इंतजार है। जिले के बागबाहरा जनपद क्षेत्र के कोमाखान तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम साल्हेभाठा में बना आंगनबाड़ी भवन जर्जर हो चुका है। दीवारों में दरारें पड़ गई हैं। बारिश के कारण छत से पानी टपकता रहता है, ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंजनी साहू ने बताया है कि आंगनबाड़ी केंद्र का भवन काफी जर्जर हो जाने के कारण दुर्घटना की संभावना बढ़ गयी है। साथ ही जर्जर भवन बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों के अभिभावकों में दहशत है। बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्र बने लगभग कई साल से अधिक हो गया है। इसके बीच में विभाग द्वारा अब तक मरम्मत नहीं कराया गया है। इतना ही नहीं बारिश का मौसम शुरू हो गया है। बारिश होने से छत से पानी टपकने से बच्चों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

## दीवारों में पड़ गई हैं दरारें, बारिश के कारण छत से टपकता रहता है पानी

### बच्चों को भेजना किया बंद

जर्जर आंगनबाड़ी भवन और हादसे की आशंका के चलते यहां के अभिभावकों ने अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजना बंद कर दिया है। बताया जा रहा है कि यहां की दर्ज संख्या घट गई है। जिसका प्रमुख कारण भवन की जर्जरता को माना जा रहा है।




### जर्जर भवन में पढ़ाई की मजबूरी

आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका एवं स्थानीय अभिभावकों ने ग्राम पंचायत से नये भवन निर्माण करने की मांग की है। हालांकि ग्राम पंचायत द्वारा नये आंगनवाड़ी भवन निर्माण के लिए सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है लेकिन, प्रस्ताव के लिए लिए बजट पास होने तक जर्जर भवन में बच्चों की पढ़ाई दुर्घटना की संभावना को दावत दे रही है।

## अनदेखी: वाहन मालिक नहीं ले रहे नंबर प्लेट लगाने में रूचि

# 12 हजार से अधिक वाहनों में ही लग पाए हैं नए नंबर प्लेट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

परिवहन विभाग में जिले में पंजीकृत वाहनों की संख्या और अब तक एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने वाले वाहनों का आंकड़ा अब तक केवल 10 फीसदी तक ही पहुंच पाया है। केंद्र सरकार के 2019 से पहले पंजीकृत सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाना अनिवार्य किया गया है। 1 दिसंबर 2024 इस अभियान के बाद भी जिले में वाहन मालिक इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

जिले में परिवहन विभाग के नए नियम के अनुसार वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट्स (एचएसआरपी) अनिवार्य हैं। इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है, लेकिन अब तक 12 हजार से अधिक वाहनों में ही हाई



सिक्योरिटी नंबर प्लेट्स लगाए जा सके हैं। दो पहिया वाहनों के लिए 366 रुपए, तीन पहिया वाहनों के लिए 427 रुपए, चार पहिया वाहनों के लिए 656 रुपए और भारी वाहनों के लिए 706 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अलावा फार्म भरने के लिए 50 रुपए अलग से देना होगा। जिले के जिला परिवहन कार्यालय में 1 लाख 78 हजार 676 वाहनों का पंजीयन है। जिसमें सभी प्रकार की गाड़ियां सामिल है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की प्रमुख वजह है चोरी की स्थिति से आसानी से ढूंढा जा सकता है। क्योंकि ये नंबर प्लेट आसानी से सीसीटीवी कैमरे में कैद हो जाते हैं चाहे व कितनी भी स्पीड में क्यों न हो। सभी नंबर एक ही फॉंट व साइज में है, जिसके कारण पहचानने में दिक्कत नहीं है। वहीं हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाए जाने पर कभी भी चालानी कार्रवाई हो सकती है।

### शिविर के बाद भी लोगों में नहीं दिख रही रूचि

23 शिविरों में अब तक 2250 आवेदन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कि जिले में लोगों को एचएसआरपी प्लेट के लिए जागरूक करने और आवेदन करवाने शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में अब तक 23 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इन शिविरों में कुल 2250 आवेदन प्राप्त ही हुए हैं। शिविरों में प्राप्त आवेदनों के आधार पर अनुमान लगया जा सकता है कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने में रूचि नहीं दिखा रहे है।

# होटल-ढाबों पर खाद्य विभाग की टीम ने की बड़ी कार्रवाई, 22 सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- घरेलू गैस सिलेंडरों को रहा था व्यवसायिक उपयोग

खाद्य विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए होटल और ढाबों से 22 घरेलू सिलेंडर जब्त किए हैं। इसके अलावा मरौद सिरपुर की गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण कर अनियमितता मिलने पर 171 सिलेंडरों की जब्ती की है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय और वितरण विनियमन आदेश 2000 के तहत कल एकाएक सहायक खाद्य अधिकारी हरीश सोनेश्वरी, मनीष यादव, खाद्य निरीक्षक सुशील शर्मा, विवेक कुमार, दिव्यांशु देवांगन, हेमंत वर्मा ने अनेक ढाबों, होटलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनेक स्थानों पर व्यवसायिक संस्थानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की गई तथा भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति नहीं करने की चेतावनी भी दी गई। इस दौरान मैगी महाराज घोड़ारी से 3 भरे और 2



खाली, खुशी ढाबा घोड़ारी से 1 नग भरा, पंकज दुबे मिर्ची सेंटर घोड़ारी से 3 नग भरे इंडेन गैस सिलेंडर, बाबा फैमिली ढाबा घोड़ारी से 1 भरा तथा 1 खाली सिलेंडर, महानदी ढाबा घोड़ारी से 6 खाली व 1 भरा कुल 7 नग इंडेन गैस सिलेंडर, आयुष अमृत तुल्य चाय सेंटर बिरकोनी से 1 खाली व 1 भरा इंडेन तथा शेर ए पंजाब ढाबा कांपा से 1 नग भरा तथा 1 नग खाली घरेलू सिलेंडर जब्त कर सभी को चेतावनी दी गई। इसी तरह ग्राम मरौद सिरपुर की गैस एजेंसी से 171 सिलेंडर जब्त किए गए। इसे सहकारी समिति संचालित करती है। एजेंसी के खिलाफ बुकिंग के बाद कई-कई दिनों तक सिलेंडर उपभोक्ताओं को नहीं मिलने की शिकायतें थी। स्टॉक की जांच में भी गड़बड़ी पाई गई। एजेंसी से 14.2 किलो वाले 60 नग खाली, 14.2 किलो वाले 59 नग डिफेक्टिव तथा 5 किलो वाले 52 नग वाली सिलेंडर जब्त किए गए।

# उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति ने किया एडीआर भवन का वर्चुअल लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला एवं सत्र न्यायालय महासमुंद के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिला न्यायालय परिसर पर नवनिर्मित वैकल्पित विवाद समाधान केंद्र (एडीआर) भवन का लोकार्पण, कुटुंब न्यायालय भवन तथा तहसील सरायपाली और बसना में न्यायालय भवन का भूमिपूजन वर्चुअल माध्यम से उच्च न्यायालय के न्यायाधिपतियों द्वारा किया गया।



उद्घघाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा रहे। इसके अलावा छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के कार्यकारिणी अध्यक्ष न्यायाधिपति संजय के अग्रवाल तथा उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधिपति व महासमुंद के पोर्टफोलियो न्यायाधीश दीपक कुमार तिवारी विशेष रूप उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया, कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश प्रफुल्ल सोनवानी, महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश मोनिका जायवाल, उप-पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महासमुंद आनंद बोरकर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव आफरीन बानो, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा, वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय सहित अन्य न्यायाधीशगण और विभिन्न विभागों के अधिकारी, लीगल एड डिफेंस कौसिल के अधिवक्ता, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# आवारा मवेशियों पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक

## हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रशासन हुआ सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- नेशनल हाईवे में रात में गस्त बढ़ाने के निर्देश, सड़क में घूमते पाए जाने पर पशु मालिकों के विरूद्ध लगाया जाएगा पेनाल्टी

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में जिले में सड़क पर घूम रहे एवं बैठे आवारा पशुओं की समस्या के समाधान हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर तत्काल अमल करने के लिए आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह द्वारा संयुक्त बैठक ली गई।

बैठक में अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पशुपालन, पुलिस, राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी सहित ग्राम पंचायतों के सचिव उपस्थित रहे। कलेक्टर लंगेह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक सड़कों, बाजारों और अन्य प्रमुख स्थानों पर घूमते व बैठते आवारा मवेशी न केवल यातायात में बाधा बनते हैं बल्कि दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं, अतः उनके प्रबंधन के लिए समन्वित कार्रवाई की जाए।

उन्होंने सभी नगरीय निकायों को निर्देशित किया कि वे चिन्हांकित स्थलों पर या अस्थायी आश्रय स्थल स्थापित करें तथा मवेशियों को पकड़कर वहां सुरक्षित रखा जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप गोठानों का उपयोग मवेशी रखने के लिए किया जाए। उन्होंने कहा कि काउ कैचर का उपयोग करते हुए आवारा पशुओं को गोठानों तक छोड़ें। उन्होंने पशुपालन विभाग को पशुओं के कान में लगे टेग के माध्यम से ऑनलाइन करने के निर्देश भी दिए हैं। ताकि यह पता चल सके कि पशु के मालिक कौन है। बैठक में पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देशित किया गया कि संबंधित क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई जाए और ट्रैफिक बाधित करने वाले मामलों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पेट्रोलिंग जिले की शुरूआत से लेकर सरायपाली के अंतिम छोर तक संयुक्त रूप से करें। यह कार्य देर रात तक जारी रखें। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को यह भी कहा गया कि वे पशुपालकों को जागरूक करें कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें। निर्धारित समयावधि में कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि पशुपालक नियमों का उल्लंघन करते पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध जुर्माना लगाया जाएगा।

सार्वजनिक स्थानों पर कचरा प्रबंधन सुधारा जाए ताकि पशु आकर्षित न हों। उन्होंने संबंधित अधिकारियों की प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जनप्रतिनिधियों एवं पशुपालकों के साथ समन्वय स्थापित कर दीर्घकालिक समाधान की दिशा में कार्य करें। कलेक्टर ने नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे अपने पशुओं को खुला न छोड़ें तथा प्रशासन का सहयोग करें, ताकि जिले को सुगम एवं एवं सुव्यवस्थित यातायात सुलभ हो सके।

## आकांक्षी विकासखंड अंतर्गत 60 अधिकारी-कर्मचारी को किया गया सम्मानित

# आकांक्षी विखं से जिले में विकास का द्वार खुला : विधायक सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने किया आकांक्षा हाट का शुभारंभ, एक सप्ताह तक चलेगा आकांक्षा हाट
- जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह, बेहतर प्रदर्शन के लिए महासमुंद जिले को मिला सिल्वर मेडल

केंद्रीय नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला अंतर्गत जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन जिला पंचायत में किया गया। इस अवसर पर आयोजित आकांक्षा हाट का शुभारंभ महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा जिला पंचायत परिसर में फीता काटकर किया गया। शुभारम्भ अवसर पर महासमुंद जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, बागबाहरा जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर एवं उषा





धृतलहरे, दिलेश्वरी निराला, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, प्रकाश वर्मा, महेन्द्र सिक्का, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक एवं अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू मौजूद रहे।

समारोह में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि नीति आयोग का मूल स्वरूप वर्ष 2015 में तैयार किया गया था, किंतु इसे वास्तविक रूप से 2020 में अस्तित्व में लाया गया। इसका उद्देश्य शासन एवं प्रशासन के समन्वय से सभी क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित करना है। विधायक सिन्हा ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर देशभर में कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत देश के 112 जिलों एवं 500 विकासखंडों का चयन किया गया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल ने कहा कि आकांक्षी विकासखंड के तहत बेहतर कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पाद के विक्रय के लिए यह अच्छा अवसर है, आयोजन वोकल फॉर लोकल अभियान को भी मजबूती प्रदान करता है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के प्रतिवेदन में बताया गया कि पिथौरा ब्लॉक में 6 संकेतांक में से 5 संकेतांकों को पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें 30 वर्ष से अधिक सभी नागरिकों की डायबिटीज और हाइपरटेशन की स्क्रीनिंग, गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत एएनसी जांच, महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार का वितरण एवं स्वॉयल हेल्थ कार्ड के माध्यम से कार्ड जनरेट करना शामिल है। इसके अलावा माध्यमिक स्तर के सभी स्कूलों में बिजली व्यवस्था एवं सबसे महत्वपूर्ण 9 से 11 महीने के सभी बच्चों को जीवन रक्षक टीके दिए गए। यह आंकड़े जुलाई से सितम्बर 2024 तक शामिल है।

### एक सप्ताह तक चलेगा आकांक्षा हाट, 13 स्टॉल लगाए गए

स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों को उनके उत्पादों के विपणन हेतु अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में आकांक्षा हाट का यह आयोजन एक सप्ताह तक होगा। आयोजित आकांक्षा हाट में जिले की 39 महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए स्थानीय उत्पादों तथा सामग्री की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए 13 स्टॉल लगाए गए हैं। जिले की 39 महिला समूहों द्वारा निर्मित खाद्य पदार्थ जैसे छत्तीसगढी व्यंजन, मिठाई, गर्म नाश्ता, अचार, बड़ी, पापड़ व टेराकोटा, बांस उत्पाद, राखी, पारंपरिक परिधान, पूजा सामग्री, सजावटी सामग्री, एलईडी बल्ब, साबुन, फिनाइल, डिशवॉश, मच्छर अगरबत्ती, झाड़ू, चटाई, दोना-पत्तल, जैविक खाद एवं अन्य स्थानीय उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं।

### महिला और उसके दामाद से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम तिलईपाली में महिला और उसके दामाद से मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम तिलईपाली की सेतबाई ने बताया कि उसका दामाद गांव के ही एक व्यक्ति की बेटी को भगाकर ले गया था और करीब 03 से 04 माह तक दोनों साथ में रहे है। उसके बाद उक्त युवती प्रार्थिया के दामाद को छोड कर वापस अपने मायके आ गई । इसी बात को लेकर 31 जुलाई को दोपहर करीबन एक बजे संतोष यादव, पवन यादव, जितेंद्र उसके घर के सामने आकर कहने लगे तुम्हारे दामाद को हमारे सामने लाओ, उसने हमारी बेटी को कैसे छोड़ दिया कहते हुए गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। उसी समय उसका दामाद वहां आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### जिले में खाद्य सुरक्षा जांच एवं जागरूकता अभियान 4 से

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए खाद्य जनित बीमारियों एवं संक्रमण की रोकथाम हेतु राज्य में बने खाबों, बने रहिबो शीर्षक से राज्य स्तरीय विशेष जांच एवं जनजागरुकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 04, 05 एवं 06 अगस्त 2025 तक प्रदेश के सभी जिलों में संचालित किया जाएगा। इसी क्रम में जिले में निर्धारित तीन दिवसीय अभियान अंतर्गत खाद्य सघन निरीक्षण करते हुए फूड हैंडलिंग में स्वच्छता का विशेष ध्यान, बासी व अखबारी कागज में परोसे गए खाद्य पर रोक, पानी की गुणवत्ता, वेज-नॉनवेज की अलग-अलग व्यवस्था की जांच, खाद्य सुरक्षा अधिनियम के उल्लंघन पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य अधिकारियों द्वारा खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन हेतु जागरूक किया जाएगा एवं कोई भी उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग का उद्देश्य वर्षा ऋतु में जनसामान्य को सुरक्षित, स्वच्छ एवं ताजे खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है। इसके लिए स्ट्रीट फूड वेंडर्स, होटल, रेस्टोरेंट, एवं खाद्य सेवा प्रदायकों को साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जनजागरूकता के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक, पंपलेट, पोस्टर व मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### 156 श्रमिकों को मिली विभिन्न योजनाओं का लाभ

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत महासमुंद जिले के 156 श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत कुल 24 लाख 76 हजार रुपए की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई। श्रम विभाग से मिली जानकारी अनुसार योजनावार मिनीमाता महतारी जतन योजना अंतर्गत 28 हितग्राहियों को 5 लाख 60 हजार रुपए, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 36 हितग्राहियों को 63 हजार, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना अंतर्गत 1 हितग्राही को 2 लाख रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना अंतर्गत 11 हितग्राहियों को 11 लाख, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना अंतर्गत 23 हितग्राहियों को 4 लाख 60 हजार एवं निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक-कॉपी सहायता योजना अंतर्गत 57 हितग्राहियों को 93 हजार रुपए की राशि से लाभान्वित किया गया हैं। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाएं पूर्णतः निःशुल्क हैं।

## महानदी तट से मानव श्रृंखला बनाकर बाबा गंधेश्वर नाथ का किया गया सहस्त्र जलधारा





**महासमुंद।** बोल बम समिति सिरपुर, महासमुंद, जलकी के तत्वावधान में सिरपुर के गंधेश्वर महादेव का सहस्त्र जलधारा आभिषेक किया गया। मुख्य जजमान के रूप में युगल चंद्राकर उनके परिवार तथा बोल बम समिति की ओर से निहाल सोनकर ने विधि विधान से बाबा का पूजन अभिषेक किया। पुजारी अमन धर्मेंद्र गिरि गोस्वामी ने पूजन विधान पूर्ण कराया। महाकाल मुक्तिधाम के डमरू झांझ नाद से आरती का श्रद्धालुओं ने आनंद उठाया। आरती उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। 1 हजार 8 छिद्र वाले पात्र से लगातार जलधारा, दूधधारा बाबा गंधेश्वरनाथ नाथ का अभिषेक हुआ जिसमें भाग लेने महासमुंद, जलकी, सिरपुर व आसपास के गांव से श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान ट्रस्ट कमेटी की ओर से दाऊलाल चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, सुखीराम हिरवानी, थनवार यादव समेत दुलरवा धीवर उपसरपंच राजेश ठाकुर, ईश्वर साहू, द्वारका साहू, दीपक सोनी, दुर्गा साहू,नाथूराम बया, महाकाल ग्रुप के मोनू, नरेश नायक, किशोर चंद्राकर आदि उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, ब्रिजेन बंजारे, नितिन जैन, जलाभिषेक में भाग लेने पहुंचे।

# बच्चों ने युवा संसद के माध्यम से सीखी संसद की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में विद्यालय स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत देश की संसद की गरिमा और प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए संसद की कार्रवाई को सिखाने के लिए आठवीं से 12वीं तक के कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को अभ्यास कराया गया। जिसमें 55 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। तत्पश्चात इन बच्चों के द्वारा अलग-अलग पक्ष और विपक्ष के संसदीय परंपरा के अनुसार प्रश्न काल ध्यानाकर्षण प्रस्ताव विधेयक पेश जैसे कार्रवाई में भाग लिया गया। बच्चे युवा संसद कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अत्यंत ही उत्साहित रहे, जिन बच्चों ने भाग लिया उन्होंने प्रश्न उत्तर के माध्यम से अपने-अपने वक्तव्य को बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। विद्यालय के बच्चों ने सत्ता पक्ष एवं विपक्ष की भूमिका में अलग-अलग पदों पर रहकर अपने प्रश्न और उत्तर के माध्यम से देश के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा-परिचर्चा की। बच्चों ने स्पीकर, डिप्टी स्पीकर, मार्शल, संवाददाता, फॉरेन डेलिगेट्स, महासचिव, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, जल मंत्री, सांसद, कृषि मंत्री एवं संसद के सदस्यों जैसी कई भूमिकाओं में हिस्सा लिया।




कार्यक्रम के प्रभारी विवेक शर्मा और सहसंयोजक जितेंद्र कुमार चंद्राकर, दशरथ राम यादव एवं वंदिनी जौहरी के स्क्रिप्ट लेखन कार्य में महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में निर्मलकर, प्रभात, अभिषेक, आर्यन, कांता एक्का, प्रभात देवांगन, भूमिका साहू, संस्कृति चंद्राकर, राजेश, वीणा ने भी अपना भरपूर योगदान दिया। कार्यक्रम के कार्यवाहक प्राचार्य सुरेश कुमार सिंह ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहे। सभी बच्चों ने संसदीय परम्परा का भरपूर आनंद उठाया। प्राचार्य संजय कंसल ने कार्यक्रम की सराहना की। उक्त जानकारी विद्यालय की प्रवक्ता वन्दिनी जौहरी ने दी है।

# अंकित को मिली दुर्ग शहर के पश्चिम ब्लॉक की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा को

■ जवाबदारी मिलने पर सभी कांग्रेसियों ने जताई खुशी

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 2025 के मंडल सेक्टर कमेटी गठन प्रक्रिया के लिए सक्रियता के आधार पर दुर्ग शहर अंतर्गत पश्चिमी ब्लॉक की जवाब दारी दी गई। जबावदारी मिलने पर मुख्य रूप से गोकुल साहू, संतोष जैन, उमेश जैन, राजेश राजपूत, उत्तम राणा, वीरेंद्र शुक्ला, नंदू चंद्राकर, रमेश चंद्राकर, कांति तिवारी, किशोर चतुर्वेदी, तुलसीराम बरिहा, कोमल महानंद, हीरादास टंडन, पोखन साहू, मुकेश संकर साहू, कोमल साहू, तूफान दीवान, ईश्वर ठाकुर, जयलाल सोनी, प्रखर चंद्राकर , युगेश्वर साहू , आलम खान, खेमराज सोनवानी, राजू यादव, सुनील ब्यौहार, प्रीतम साहू, जितेंद्र क्षत्रि, हितेश साहू, रामराज चौबे, सेवाराम साहू, मोहन कुलदीप, माखन सोन, कार्तिक चक्रधारी, सानू स्नेहल चंद्राकर,



वाजिद खान, अकील खान, करीम खान, रामकुमार पटेल, संजय अग्रवाल, ओ म प्र का श चक्रधारी, रेशम पांडे, शंकर पटेल, हेमलाल दीवान, गोविंद पटेल, बजरंगी यादव, पोखन निर्मलकर, रोहित ध्रुव, लालाराम मांझी, पप्पू शर्मा, हबीब खान, नांद्रदेवी चौहान, डिगेश्वर देवांगन, ईश्वर नायक, दीपक चक्रधारी, केवल यादव, चंदूलाल साहू, शांत साहू, यादराम ध्रुव, तुलसी साहू, राजू जैन, ओकार ठाकुर, प्रदीप यादव, रामलाल पटेल, कांति तिवारी, अनुकी सेन, गोविंद ठाकुर, नवनीत नाग, रामजी सिन्हा, लिखन यादव, खेमराज सिन्हा, मनीष चंद्राकर, देवसिंग दीवान, कार्तिक बरिहा, देवराज ठाकुर, रामकुमार पटेल, आत्मा राम सेन, बरुन यादव, मनहरण गुप्ता, परमानंद बरिहा, विजय मिर्चे, तोरण बैरागी, तपेश साहू, मनोहर पटेल, रामकुमार ध्रुव, परस सोनवानी, बाबा वैष्णव, जीतू चौहान, संतु ठाकुर, राजा दुआ, रिहान कोहली, कृष्णा महानंद ,मनीष ठाकुर, खेमराज सोनवानी, आलम खान, नास्तिक नागरे, मनोज चंद्राकर, लखन बघेल, अभिषेक यादव, सौरव दास सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस सेवा दल के कांग्रेसजनों व किसानों व मजदूरों ने हर्ष जताया है।

# कांग्रेसियों ने पुण्यतिथ पर बाल गंगाधर तिलक को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं महान राष्ट्रभक्ति बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन में समस्त कांग्रेसजनों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में अपने विचार व्यक्त करते हुए शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के जीवन के कुछ महत्वपूर्ण लम्हों को याद करते हुए बताया कि आज हम सब यहां लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि के अवसर पर एकत्र हुए हैं, जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक महान योद्धा, प्रखर विचारक, ओजस्वी वक्ता और राष्ट्रभक्त थे।




उनकी पुण्यतिथि, केवल एक श्रद्धांजलि का अवसर नहीं है, बल्कि यह दिन हमें उनके विचारों, उनके संघर्षों और उनके बलिदानों को याद करने और उनसे प्रेरणा लेने का दिन है। श्रद्धांजलि सभा में खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं शहर अध्यक्ष, पूर्व शहर अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो,प्रदीप चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, मंदाकिनी साहू जिला उपाध्यक्ष, डॉ तरुण साहू, हर्षित चंद्राकर, नितेंद्र बैनर्जी, रवि साहू, छन्नू साहू, लोकू साहू, दिनेश दुबे, सोनम रामटेके, सन्नी महानंद, तुलसी देवदास, भानू सोनी उपस्थित रहे।

### डाइट प्राचार्य ने की विद्यालयीन बच्चों से चर्चा

**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) प्राचार्य द्वारा महासमुंद विखं के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पटेवा एवं पूर्व माध्यमिक शाला पटेवा का आकस्मिक अवलोकन करते हुए कक्षा 12वीं के बच्चों से चर्चा की। विद्यालय के रखरखाव व बेहतर वातावरण से प्रफुल्लित प्राचार्य डॉ. विजय खंडेलवाल ने बच्चों से कहा कि आप सभी ज्यादा से ज्यादा स्व-अध्ययन करें ट्यूशन और कोचिंग सफलता के लिए एक सूत्रीय माध्यम नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि अपने अध्ययन के लिये अधिक समय निकालें। उन्होंने कहा कि मोबाइल का उपयोग सकारात्मक उर्जा के लिए करें एवं अनुशासित होकर अपना लक्ष्य तय करें।



### शालेय तैराकी व वेटरपोलो प्रतियोगिता हुई

**महासमुंद।** विकासखंड स्तरीय शालेय तैराकी एवं वाटर पोलो प्रतियोगिता स्थानीय रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में कुल 65 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें शासकीय डीएमएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद, सेजेस तुमगांव हिंदी/अंग्रेजी माध्यम, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला स्टेशन पारा, कुम्हारपारा, शासकीय हाईस्कूल सोरिद के खिलाड़ियों ने भाग लिया। उत्कृष्ट कौशल के आधार पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के मैनेजमेंट डायरेक्टर रविंद्र तिवारी ने उपस्थित खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दिए। कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए हिरेंद्र कुमार साहू विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी महासमुंद, पीयूष कुमार तैराकी कोच रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल, गणेश कोसरे, कामता प्रसाद साहू, वेदराम रात्रे, नीलम सिंह, तृषा शर्मा आदि का सहयोग रहा।

## शनिवार प्रातः कालीन स्कूल बंद करने पर शिक्षक ने जताया ऐतराज

**महासमुंद।** छग शिक्षक संघ जिला इकाई महासमुंद स्कूल शिक्षा विभाग में पूर्व से संचालित शनिवार बैगलेस डे प्रातःकालीन स्कूल को समाप्त किए जाने पर नाराजगी जाहिर की है, और इस निर्णय को वापस लेने की मांग की है। तत्संबंध में संगठन के उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन एवं जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे को ज्ञापन सौंपकर बताया कि वर्षों से शनिवार को प्रातःकालीन स्कूल संचालित कर बैगलेस डे के रुप में विविध गतिविधियों सहित योगाभ्यास प्राणायाम कराया जाता रहा है, जिसे बंद करना बच्चों के सर्वांगीण विकास में बाधा डालना है। उपप्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में एक तरफ कला शिक्षा, संगीत एवं खेल यात्रा को बढ़ावा दिया जाकर पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। दूसरी तरफ विविध गतिविधियों के लिए बैगलेस डे को समाप्त किया जा रहा है, जो कि बच्चों के साथ अन्याय है। तत्संबंध में सेन के नेतृत्व में संचालक लोक शिक्षण संचालनालय एवं संचालक एससीईआरटी को जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन दिया गया है। जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में बेगलेस अत्यंत उपयोगी साबित हुआ था जिसे बंद करना सरासर अन्याय है। शनिवार प्रातःकालीन स्कूल समय में परिवर्तन किये जाने पर संगठन की ओर से कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी आदि ने की है।

# मांगों को लेकर विखं शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

**महासमुंद।** संयुक्त प्रधान पाठक कल्याण संघ द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें प्रधान पाठकों से संबंधित विभिन्न प्रशासनिक एवं शैक्षणिक समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से अर्जित अवकाश (ईएल) की प्रविष्टि एवं अवकाश पोर्टल पर अद्यतन, युक्तियुक्तकरण के कारण मर्ज की गई शालाओं में पद-अधिकार की स्थिति स्पष्ट करने, जर्जर शालाओं की मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजने, संकुल समन्वयक चयन में प्रधान पाठकों को प्राथमिकता देने, यात्रा भत्ता की सुविधा, कार्यालयीन कार्यों के लिए लैपटॉप/टैबलेट की व्यवस्था, प्रधान पाठक कक्ष की स्थापना, गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, मध्यान्ह भोजन अवकाश समय के संबंध में आपत्ति, ई-कोष पोर्टल में केवाईसी अपडेट तथा जुलाई 2025 से वेतनवृद्धि सहित वेतन अदायगी जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। इस अवसर पर संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कमल नारायण यादव, कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वर साहू, कोषाध्यक्ष विजय कुमार साहू, सलाहकार देवचरण साहू, राजू दीवान एवं मेशकुमार जेंड्रे उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से मांगों को लेकर अपनी बात रखी एवं समाधान की अपेक्षा जताई। संघ ने यह भी आग्रह किया कि इन बिंदुओं को जिला एवं राज्य स्तर पर प्राथमिकता से रखा जाए, जिससे प्रधान पाठकों को कार्य निष्पादन में सुविधा मिल सके और शैक्षिक गुणवत्ता में और अधिक सुधार हो।





### जनपद उपाध्यक्ष हुलसी की अनूठी पहल, गरीब परिवार को दिया आर्थिक सहयोग

**महासमुंद।** जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने सशक्त नारी समाज सेवी समूह के माध्यम से समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय पहल की है। वे स्वयं अध्यक्ष हैं और इस समूह में उनके साथ 12 मातृशक्ति सदस्य भी शामिल हैं, जो साल 2017 से लगातार समाज सेवा के कार्यों में जुटी हुई हैं। समूह द्वारा हर रविवार को सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई, विशेष धार्मिक और सार्वजनिक आयोजनों पर भी स्वच्छता अभियान चलाए जाने की पहल करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराया जा रहा है। इसी कड़ी में हुलसी द्वारा एक गरीब परिवार के व्यक्ति रमेश चंद्राकर के निधन पर शोक संतप्त परिवार को आर्थिक सहयोग के रूप में 3,050 की सहयोग राशि दी गई। इस दौरान नारी शक्ति शीलू चंद्राकर, रामबाई ध्रुव, मनटोरा ध्रुव मौजूद रही।

### रैंप योजना के तहत उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन

**महासमुंद।** जिला प्रशासन एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में रैंप योजना अंतर्गत उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन एक निजी होटल महासमुंद में किया गया। यह कार्यक्रम एमएसएमई योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्धेश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बैंकिंग और वित्तीय सहायता से जोड़ना है। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त संचालक, उद्योग संचालनालय शिव कुमार राठौर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में जिले के दर्जनों उद्यमियों के साथ-साथ पीएमएफएमई व पीएमईजीपी योजना के लाभार्थियों ने भी सहभागिता की। संयुक्त संचालक राठौर ने कार्यक्रम में औद्योगिक विकास नीति 2024-30 की प्रमुख बातें साझा करते हुए उद्यमियों के विभिन्न शंकाओं का समाधान किया और उन्हें विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक, विभिन्न विभागों के अधिकारी, प्रमुख बैंक प्रतिनिधि, औद्योगिक संगठनों के सदस्य और स्थानीय उद्यमी उपस्थित रहे। भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा सहित अन्य प्रमुख बैंकों के अधिकारियों ने उद्यमियों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं, मुद्रा योजना और एमएसएमई योजना के लाभों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उद्यमियों को बैंक अधिकारियों से प्रत्यक्ष संवाद करने का अवसर मिला। उन्होंने अपने व्यापार से जुड़ी समस्याओं और आवश्यकताओं को साझा किया, जिन पर बैंक अधिकारियों द्वारा तत्काल समाधान एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# वृंदावन विद्यालय में तुलसी जयंती पर आस्था साहित्य की परिचर्चा

## तुलसी जयंती का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया, तुलसी के साहित्य में लोक मंगल पर बच्चों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय में तुलसी जयंती का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आस्था साहित्य समिति महासमुंद द्वारा तुलसी के साहित्य में लोकमंगल पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। आस्था साहित्य समिति अध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि संत कवि तुलसीदास ने रामचरित मानस की संरचना कर युगीन मानवता को सांस्कृतिक संकट सेही नहीं उबारा, अपितु परवर्ती भारतीय जनमानस को नई दिशा प्रदान किया। उन्होंने कहा कि रामचरित मानस वसुधैव कुटुम्बकम् का आदर्श सिखाता है। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने सुमधुर आवाज में भक्तिमय प्रस्तुति दी। वरिष्ठ साहित्यकार एस चंद्रसेन ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस के माध्यम से राम के आदर्श को घर घर तक पहुंचाया, तुलसी का चिन्तन लोकमंगल है। डॉ. साधना कसार ने कहा कि तुलसीदास समन्वयकारी साहित्यकार, सरिता तिवारी एवं टेकराम सेन चमक ने कहा कि तुलसी के साहित्य में जीवन जीने की कला, मित्रता एवं आदर्श का भाव कूट-कूट कर भरा है। रामचरित मानस, दोहावली, कवितावली, रामलला नाथू मानव जीवन के दर्शन को प्रतिपादित करता है। शिक्षा विद् एवं साहित्य प्रेमी केआर चंद्राकर ने कहा कि तुलसी का साहित्य हमारी अमूल्य धरोहर है। तुलसीदास ने अपनी लेखनी से भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन जन तक पहुंचाया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से वार्ड नं. 03 के पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर ने सभा कोसंबोधित करते हुए कहा कि तुलसी ने भक्ति को केवल पूजा नहीं जीवन जीने की एक सजीव विद्या के रुप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की ओर से रिंकी कुर्रे, रेखा साहू, अमृता चंद्राकर, इंदू मिश्रा, होमेश सहित कक्षा 10वीं से योगिता, मोती पटेल, ओजस ने परिचर्चा में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का अपने अनूठे अंदाज में साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने संचालन किया एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय परिवार की ओर से एमआर विश्वनाथन ने किया।



किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध
विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्त्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### सुप्रसिद्ध कथा वाचक कामता प्रसाद आज सांकरा में

**सांकरा।** ग्राम सांकरा (जोंक) में बोल बम सेवा समिति, ग्राम सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 2 अगस्त को रात्रि 9 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण में शिव आराधना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के प्रसिद्ध कथा वाचक कामता प्रसाद शरण कथा वाचन करेंगे। सांकरा में पहली बार आयोजित इस कार्यक्रम सैकड़ों शिव भक्त जुटेंगे और कथा का आनंद लेंगे।

### बोलबम कांवरियों को प्रसाद वितरण आज

**महासमुंद।** वाहन चालक मालक सामाजिक संघ के तत्वावधान में स्थानीय कचहरी चौक टैक्सी स्टैंड में 2 अगस्त शनिवार को शाम 4 बजे से बोलबम कांवरियों को प्रसाद वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए संघ अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने सभी शिवभक्तों में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### सरकार की स्वास्थ्य के प्रति उदासीनताः राकेश

**महासमुंद।** प्रदेश के शासकीय मेडिकल कॉलेजों में 125 सहायक अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया पर प्रतिक्रिया देते हुए आम आदमी पार्टी महासमुंद जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में 10 मेडिकल कॉलेज हैं, सभी कॉलेजों में कॉलेज प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर सहित 642 पोस्ट रिक्त हैं। जिसमें प्रोफ़ेसर के 236 पद स्वीकृत हैं, उसमें 111 पद खाली हैं, एसोसिएट प्रोफ़ेसर के 396 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 194 पद खाली हैं। वहीं असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के 556 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 337 पद खाली हैं। लेकिन सरकार ने सिर्फ 125 पदों के लिए ही वैकेंसी निकाली है, यह इस बात की ओर इंगित करता है कि राज्य सरकार मेडिकल छात्रों के भविष्य के प्रति कितनी लापरवाह है।

### सामान्य सभा की बैठक अब 7 को

**महासमुंद।** जिला पंचायत के सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक जो 4 अगस्त को रखी गई थी, अपरिहार्य कारण से स्थगित करते हुए आगामी बैठक 07 अगस्त को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगी। बताया गया है कि बैठक का एजेंडा यथावत रहेगा।

# महंगाई भत्ता सहित प्रमुख 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी आंदोलन की राह पर

## आगामी 22 अगस्त के आंदोलन के लिए प्रांतीय पर्यवेक्षक रोहित तिवारी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महंगाई भत्ता सहित प्रमुख 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आव्हान पर 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश लेकर सरकार के खिलाफ हल्ला बोल आंदोलन करेंगे। तत्संबंध में प्रांतीय पर्यवेक्षक एवं फेडरेशन के संगठन मंत्री रोहित तिवारी एवं प्रांतीय पर्यवेक्षक आलोक जाधव द्वारा वन विभाग रेस्ट हाऊस में आवश्यक बैठक आहुत कर आवश्यक जानकारियां दी गई एवं सभी संगठनों के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि महंगाई भत्ता जैसे जायज हक के लिए कर्मचारी अधिकारियों को आंदोलन के लिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है, जो कि अत्यंत केद का विषय है।

उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को अविलंब पूर्ण किया जाना चाहिए। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के



जिला संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि आंदोलन के प्रथम चरण में 16 जुलाई 2025 को प्रदेश के सभी जिला एवं ब्लाक मुख्यालयों में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जा चुका है। द्वितीय चरण में कलमबंद काम बंद आंदोलन के रुप में एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर 22 अगस्त को सरकार के खिलाफ हल्ला बोल आंदोलन होगा। उन्होंने बताया कि मोदी की गारंटी लागू नहीं किए जाने पर आंदोलन का विस्तार होगा।

इस अवसर पर संरक्षक मंडल के सदस्य प्रमोद तिवारी, डॉ. रामकुमार चंद्राकर, कमलेश ध्रुव, अशोक गिरि गोस्वामी ने कर्मचारी अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि 22 अगस्त का आंदोलन ऐतिहासिक होगा। सभी अपने जिला मुख्यालय में एकत्रित होकर आवाज बुलंद करें। इस महत्वपूर्ण बैठक में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ से दिलीप तिवारी प्रदेश तृतीय वर्ग से अनिल कोसरिया, छग शिक्षक संघ से राजेश शर्मा, स्वास्थ्य मैदानी कार्यकर्ता संघ से दीपक तिवारी, पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ से चिंताराम साहू सहायक शिक्षक फेडरेशन से सिराज बक्स, ईश्वर चंद्राकर, अजाक्स से एमएल ध्रुव ने शासन के अड़ियल रवैये कीनिंदा करते हुए कहा कि डीएएचआरए सहित अन्य हमारी सभी मांगें जायज है इसे अविलंब दे अन्यथा आंदोलन और अधिक उग्र होगा। इस अवसर पर प्रमख रुप से वन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष कमल नारायण यादव, तृतीय वर्ग से मुकेश नामदेव, तृप्ति साहू, मौसमी सनकर, रामकुमार साहू, बलराम ध्रुव, शिव कुमार साहू, सहित अलग-अलग संगठनों के प्रतिनिधि मंडल शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन ईश्वर चंद्राकर व आभार प्रदर्शन कमल नारायण यादव व मुकेश नामदेव ने किया।

# धर्मांतरण, मतांतरण के कारोबार को कांग्रेस का खुला संरक्षण

**महासमुंद।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि दुर्ग में गिरफ्तार नन मामले में राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा सहित पूरा कांग्रेस पार्टी जिस तरह से इस कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं इससे यही साबित होता है, कि ये लोग अपने शह पर पूरे देश में धर्मांतरण का रैकेट चला रहे हैं, या फिर धर्मांतरण करने वालों को पूरा संरक्षण दे रहे हैं। इस मुद्दे पर हंगामा मचाने वाले राहुल गांधी को स्पष्ट करना चाहिए कि वे हिंदू हैं या कुछ और?



देवेंद्र ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके शासन में ईसाई मिशनरियों की गतिविधियों को बढ़ावा मिला, विशेषकर ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में। अब भाजपा सरकार में धर्मांतरण करने वालों पर कार्रवाई हो रही है तो इन्हें पीड़ा हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। इसी के चलते राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा, वेणु गोपाल और सारे कांग्रेस के नेता बस्तर की बेटियों की तस्करी के आरोपियों के पक्ष में खड़े है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस भी प्रदेश की बेटियों के साथ खड़े होने के बजाय आकाओं के सुर में सुर मिला रहे हैं। क्या भारत के राष्ट्रपति द्वारा दत्तकपुत्र माने जाने वाले अबूझमाड़िया समाज की बेटियों को बहला-फुसलाकर बाहर ले जाने के प्रयास का समर्थन करना कांग्रेस की आदिवासी नीति है? उन्होंने कहा कि इस प्रकार की राजनीति से कांग्रेस को कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला। क्योंकि जनता मतांतरण और मानव तस्करी के समर्थन में खड़े होने वालों को नकार चुकी है। देवेंद्र ने कांग्रेस की आक्रामकता को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि यह पार्टी वर्षों से अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की राजनीति करती रही है और अब मतांतरण के गंदे कारोबार को खुला समर्थन दे रही है।

# प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा कल

## 14 परीक्षा केंद्रों में 4339 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा उच्च शिक्षा संचालनालय के अंतर्गत प्रयोगशाला परिचारक के पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन रविवार 03 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 01:15 बजे तक किया जाएगा। जिले में 14 परीक्षा केंद्र निर्धारित की गई है, जिसमें 4339 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं, जिसे अभ्यर्थी स्वयं डाउनलोड कर सकते हैं। व्यापम द्वारा परीक्षा हेतु जारी दिशा-निर्देशानुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से दो घंटे पूर्व, अर्थात सुबह 9 बजे तक परीक्षा केंद्र में अनिवार्यतः उपस्थित होना होगा। सुबह 10:30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा दिवस के एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केंद्र की भौगोलिक स्थिति की जानकारी ले लें, जिससे समय पर पहुंचने में कोई असुविधा न हो। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए अनिवार्य दस्तावेजों में फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, पेन कार्ड, विद्यालय/कॉलेज का फोटोयुक्त परिचय पत्र या फोटोयुक्त अंकसूची (मूल प्रति) लाना अनिवार्य है। साथ ही परीक्षार्थियों को हल्के रंग के, आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आना है। जूते वर्जित, केवल चप्पल या सैंडल पहनकर आना होगा। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण वर्जित हैं। परीक्षा के पहले आधे घंटे और अंतिम आधे घंटे में परीक्षा केंद्र से बाहर जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा।

# अपराजिता वीई क्लब का हुआ शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अपराजिता वीई क्लब महासमुंद का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। पूर्व एरिया ऑफिसर ऐश्वर्या तिवारी द्वारा शपथ ग्रहण प्रोटोकॉल के साथ करवाया गया। क्लब अध्यक्ष ममता जायसवाल, सचिन नीलम जायसवाल, कोषाध्यक्ष मीनाक्षी मिश्रा, प्रथम उपाध्यक्ष लक्ष्मी देवांगन, निर्मला चंद्राकर शकुन चंद्राकर, टेमर डागेश्वरी चंद्राकर, टेलटिस्वर मीना चंद्राकर, सहसचिव चंद्रकला



चंद्राकर, डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन निरंजना चंद्राकर, लता चंद्राकर प्रत्येक पदाधिकारी का कार्य कर्तव्य जिम्मेदारी शपथ ग्रहण में जानकारी दी गई। उद्देश्य पूर्ण गाना के साथ और बालों में गुलाब फूल को सजाकर सम्मान किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में शहर की प्रथम मां के रूप में सीता मनोजकांत साहू को सम्मान किया गया। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर रश्मि चंद्राकर, अरुण शुक्ला, शुभ्रा शर्मा का सम्मान किया गया। ध्वज वंदन तारा चन्दाकर के द्वारा हुआ। राष्ट्रीय गीत जन गण साधना सिंह ठाकुर द्वारा हुआ। क्लब के कामिनी चंद्राकर, मीना वर्मा, सति साहू, रंजना शर्मा, सुनीता चंद्राकर, शोभा शर्मा, लेखा चंद्राकर, निरंजना शर्मा, लता सुशील चंद्राकर, ममता चंद्राकर नंदनी चंद्राकर, दर्शना मेहता, कल्पना मालू, सुरेखा कंवर, ललिता चंद्राकर, अर्चना शर्मा, पिंकी चंद्राकर, संध्या चंद्राकर मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन राजेश्वरी तिवारी द्वारा किया गया

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त का अंतरण आज

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 02 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के वाराणसी से 20वीं किस्त का अंतरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। यह दिन पीएम किसान दिवस के रूप में पूरे देश सहित महासमुंद जिले में भी मनाया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र, भलेसर महासमुंद में आयोजित होगा। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा एवं छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखंडों से किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। साथ ही, विकासखंड मुख्यालयों, सहकारी समितियों एवं ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम का वेबकास्ट प्रसारित किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक किसान इस योजना के लाभ और जानकारी से जुड़ सकें। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया है।



### प्रभारी मंत्री बघेल से मुलाकात

**पिथौरा (ग्रामीण)।** जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरुषोत्तम घृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल व युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी नया रायपुर स्थित प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल के नए निवास पहुंचे। प्रतिनिधियों ने जनपद क्षेत्र मंद विकास कार्यों को लेकर मंत्री के समक्ष मांगें भी रखीं।

# साइकिल से की तीर्थ यात्रा, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने किया सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम नांदगांव निवासी ओमप्रकाश पटेल ने साइकिल से देश के अलग-अलग तीर्थ स्थलों की यात्रा की। करीब 6 माह की यात्रा के बाद शुक्रवार को वह वापस महासमुंद पहुंचा और विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से कार्यालय पहुंचकर मुलाकात की। विधायक सिन्हा ने उनका शॉल भेंट कर सम्मान किया। साथ ही उनके इस जज्बे और आस्था की प्रशंसा भी की। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि हमारा देश इसलिए विश्व में सबसे अलग है। यहां आस्था है, विश्वास है, धर्म के प्रति लोगों में उत्साह भी है। इसी का एक उदाहरण ओमप्रकाश पटेल ने प्रस्तुत की है। साइकिल से तीर्थ स्थलों की



यात्रा वो भी हजारों किलोमीटर की यात्रा अपने आप में ही एक अलग बात है। इतना साहस और कार्य के प्रति समर्पण होना अपने आप में अद्भुत है। भगवान के प्रति आस्था और समर्पण ही ऐसा कार्य करने को प्रेरित कर सकती है। इतनी लंबी यात्रा के लिए धैर्य की आवश्यकता होती है, जो ओमप्रकाश पटेल ने दिखाई है। हमारे क्षेत्र के नांदगांव से निकलकर अलग-अलग जिलों से होकर राज्य से बाहर जाना, फिर अलग अलग राज्यों से होकर तीर्थ स्थलों तक पहुंचना वह भी साइकिल के माध्यम से यात्रा पूरा करना काफी कठिन कार्य है। ओमप्रकाश ने अपने गांव, अपने जिले और राज्य का मान देश के अलग-अलग राज्यों में जाकर बढ़ाया है। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, भाजपा नेता पवन पटेल, मुन्ना साहू, संदीप घोष, राजू साहू, अभिषेक पांडे, गुड्डा सिक्का, महेंद्र सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे।



### हेमंत का किया गया सम्मान

**पिथौरा (ग्रामीण)।** शिक्षा व खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पिथौरा के हेमंत खुटे को दुर्ग में आयोजित शैक्षिक कार्यक्रम के दौरान ड्रीम स्पार्क इंस्टीट्यूट के सीईओ डीडी महंत ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप उन्हें संस्था का उद्देश्य वाक्य एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक लकी बैंबू भी भेंट किया गया।

# राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम भिलाई रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

25वीं छत्तीसगढ़ सब जूनियर बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 बालक एवं बालिका का आयोजन 1 से 3 अगस्त 2025 तक भिलाई में आयोजित किया गया है। जिसमें महासमुंद जिले की सब जूनियर बालक एवं बालिका टीम शामिल होने रवाना हुई।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेमचा महासमुंद के 20 खिलाड़ियों में गीताजंली साहू, सविता जोशी, महेश्वरी चंद्राकर, आकांक्षा कोसरे, डाली चंद्राकर, भूमि ध्रुव, टिकेश्वर यादव, ललीमा यादव, मोनिका निषाद, मानिका जगत एवं बालक टीम में सागर चंद्राकर, ढालेंद्र यादव, जीतू ध्रुव, मुकेश निषाद, भूपेंद्र पटेल, पुष्पेंद्र साहू, तारेंद्र निर्मलकर, सुमित साहू, उज्ज्वल चंद्राकर, टिकेश्वर साहू व प्रशिक्षक डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, यशवर्धन कहार तथा मैनेजर ओम प्रकाश ध्रुव, वर्षा कोसरे शामिल हैं। खिलाड़ियों को हॉकी एवं बॉल बैडमिंटन में बेहतर प्रदर्शन की कामना करते हुए येतराम साहू जिला अध्यक्ष महासमुंद एवं जिला अध्यक्ष भारत स्काउट एंड गाइड, राहुल चंद्राकर अध्यक्ष जिला हॉकी संघ, देवेंद्र चंद्राकर सरपंच बेमचा आनंद साहू जिला उपाध्यक्ष, मनोज धृतलहरे, पंकज चंद्राकर अध्यक्ष जिला एथलेटिक संघ, तन्मय लूनिया, अंकित लुनिया सहसचिव राज्य बाल बैडमिंटन संघ छत्तीसगढ़, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी व्यायाम शिक्षक बेमचा, विनोद कुमार वर्मा शिक्षक बेमचा ने हर्ष व्यक्त किया है।



जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद एक अच्छा प्लेटफार्म है। खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़ने का जिसके माध्यम से खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर तथा ओलंपिक में भी पदक जीतकर अपना और अपने पूरे परिवार का नाम रोशन कर सकते हैं। साथ ही विभिन्न पदों पर भी आ सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेलकूद की सारी जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करेंगे, जिससे वे आगे बढ़ सके। तन्मय लूनिया द्वारा खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए खेल कीट सहयोग प्रदाय किया, जिसे अतिथियों द्वारा वितरण कर आर्थिक सहयोग किया गया। खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे ने योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराते हुए कहा कि बेमचा विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अंतर्गत संचालित अभ्यास केंद्र हैं, जिसे शासन की योजनांतर्गत खेल सामग्री हॉकी, बॉल बैडमिंटन प्रदाय किया जा रहा हैं। छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी गई, जिसमें योजना अंतर्गत 05 करोड़ लागत से मल्टीपरपज हॉल निर्माण के लिए बजट में शामिल होने प्रस्ताव भेजा गया है। योजना अंतर्गत शामिल खेलों को जो रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी से पंजीकृत हैं उन्हें अखिल भारतीय/राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 02 लाख, जिला स्तरीय प्रतियोगिता 1 लाख, विकासखंड स्तरीय 50 हजार, ग्राम पंचायत स्तर के लिए 25 हज़ार नियमानुसार देने का प्रावधान है। पंजीकृत खेलों को खेल सामग्री के लिए आर्थिक सहायता 25 हज़ार देने के प्रावधान हैं। योजना में शामिल खेलों में खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अधिकतम 3 लाख रुपए देने के प्रावधान है। प्रतिभा खोज अंतर्गत राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों को खेल वृत्ति देने के प्रावधान निहित है। ग्रामीण क्षेत्र में हॉकी खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन खेल विभाग द्वारा खनिज मद से हॉकी खेल सामग्री प्रदाय किया गया है। जिसके माध्यम से खिलाड़ी प्रतिदिन अभ्यास करते हैं। शासन द्वारा जिला हॉकी संघ महासमुंद को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन के लिए राशि 5 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान किया गया है। बेमचा में हॉकी खेल मैदान निर्माण के लिए कार्य किया जा रहा हैं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार //
क्रमांक/260/1/अ.वि.अ./भूव्यप/2025
बसना, दिनांक 01 जुलाई 2025

आवेदिका श्रीमती भारती पति पुरंदर जाति अघरिया निवासी ग्राम भंवरपुर तहसील बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा ग्राम भंवरपुर प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. भंवरपुर तहसील बसना स्थित भूमि ख.नं. 411 रकबा 0.06 हे. भूमि को भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-172 के तहत कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बी-1, खसरा, नक्शा, सीमांकन रिपोर्ट एवं ग्राम पंचायत भंवरपुर के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका द्वारा आवेदित उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 01/08/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा) बसना

## खबर संक्षेप



### तुलसीदास जयंती पर क्विज प्रतियोगिता

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल में संत शिरोमणि तुलसीदास की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाकवि तुलसीदास की जीवनगाथा कक्षा आठवीं की आस्था चंद्राकर एवं कक्षा छठवीं के अंकित प्रधान द्वारा प्रस्तुत की गई। पुष्पा चंद्राकर ने बहुत ही सुंदर ढंग से संत कवि तुलसीदास की जीवनी पर जानकारी दी। इसी क्रम में तुलसीदास की जीवनी पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें रुद्रप्रताप, मानसी एवं पाखी ने जीत हासिल की। आवत ही हरषै नहीं नैनन नहीं स्नेह तुलसी तहां न जाइए कंचन बरसे नेह दोहे के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

### ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को रही परेशानी : राकेश



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने रद्द ट्रेनों के कारण आम यात्रियों को हो रही परेशानियों पर कहा कि एसईसीआर द्वारा बिलासपुर और रायपुर ज़ोन में पिछले 3 माह में लगभग 2000 ट्रेनें रद्द करने से आम यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। अब जबकि रक्षाबंधन और 15 अगस्त का त्योहार आने वाला तो पैसेंजर ट्रेने रद्द करना वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। रेलवे की रद्द ट्रेनों के कारण टिकट कैंसिलेशन से रायपुर ज़ोन को मात्र 1 महीने में ही 16 करोड़ का नुकसान हुआ है। वहीं मात्र रायपुर ज़ोन में हर माह 1 लाख 68 हजार टिकट लोग कैंसिल कर रहे हैं।



# सावन उत्सवः कुर्सी दौड़ में तारा प्रथम अमृता - स्मिता चुनी गईं सावन सुंदरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रेस क्लब परिवार की महिला सदस्यों द्वारा गुरुवार को प्रेस क्लब भवन में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं के मध्य कुर्सी दौड़, पास इन पास खेल स्पर्धा भी हुई। पास इन पास खेल में इंदिरा महंती ने प्रथम तथा लक्ष्मी चंद्राकर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कुर्सी दौड़ स्पर्धा में तारा महंती ने प्रथम तथा शोभा शर्मा दूसरे स्थान पर रहीं।

महिलाओं के बीच से सोलह श्रृंगार कर पहुंची अमृता साहू और स्मिता डफले को सर्वसम्मति से सावन सुंदरी चुना गया। सावन सुंदरी चुनी गई दोनों महिलाओं को किरण पवार ने सम्मानित किया। सावन झूले का आनंद लेते हुए सभी के हाथों में रंग-बिरंगी छतरियां नजर आईं। दीप प्रज्वलन के बाद उपस्थित महिलाओं ने एक-दूसरे को अपना औपचारिक परिचय दिया। कार्यक्रम की प्रस्तावना राखी सोनी ने प्रस्तुत की। आकांक्षा दुबे ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। सभी महिलाएं कार्यक्रम में हरी चूड़ियों के साथ हरे रंग की साड़ी पहन, श्रृंगार कर पहुंची थी। इस दौरान शोभा शर्मा, स्मिता डफले, जानकी साहू, इंदिरा महंती, लक्ष्मी चंद्राकर, डाली चौधरी, प्रज्ञा चौहान, उत्तरा विदानी, किरण पवार, अमृता साहू, राखी सोनी, सारिका सोनी, आकांक्षा दुबे, रूपा पांडेय, हर्षा हिषीकर, तारा महंती, समीक्षा मोहंती, अनिता यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन उत्तरा विदानी एवं आभार प्रदर्शन आकांक्षा दुबे ने किया।

## आस्था : कोटनपाली में रामायण महोत्सव का आयोजन

# हे राम तुम्हारा चरित्र स्वयं काव्य है : द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोटनपाली में आयोजित रामायण महोत्सव पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान राम दरबार के चित्र की पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन स्थल पर आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति की भावना व्याप्त रही। इस रामायण महोत्सव में महासमुंद जिले सहित छत्तीसगढ़ के कई जिलों से आईं रामायण मंडलियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। विभिन्न मंडलियों द्वारा प्रस्तुत रामायण गायन ने जनमानस को भाव-विभोर कर दिया।

विधायक द्वारिकाधीश यादव ने मंच से उपस्थित श्रद्धालुजनों को संबोधित करते हुए कहा कि हे राम तुम्हारा चरित्र तो स्वयं काव्य है, कोई कभी बन जाए यह सहज संभाव्य है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित यह रामचरितमानस मानव समाज के लिए एक आचार संहिता है। रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह मानव जीवन के लिए एक दिशा-निर्देशक ग्रंथ है। भगवान राम के चरित्र में एक आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति, आदर्श राजा एवं सबसे बढ़कर एक आदर्श मानव के गुण समाहित हैं।

उन्होंने आगे कहा कि आज के सामाजिक और राजनीतिक जीवन में यदि कोई सबसे अधिक प्रासंगिक ग्रंथ है, तो वह है गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस। इससे हमें सच्चरित्रता, संयम, सहनशीलता, कर्तव्यपरायणता एवं सत्य के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा मिलती है। विधायक यादव ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे रामायण के मूल्यों को जीवन में अपनाएं, ताकि वे एक बेहतर समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि राम केवल एक राजा नहीं थे, वे लोकनायक थे, जिन्होंने त्याग और कर्तव्य का जो आदर्श प्रस्तुत किया, वह युगों-युगों तक मानवता का पथ प्रशस्त करता रहेगा।



### जन सहभागिता रही उल्लेखनीय

इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए श्रद्धालुजन एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन समिति की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त किया कि उन्होंने इस धार्मिक आयोजन को अपनी गरिमामयी उपस्थिति से गौरवान्वित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से तेजन चंद्राकर, राजू चंद्राकर, चमन चंद्राकर, सदा राम साहू, भरोसा ठाकुर, राम प्रवेश पारकर, चोवा राम साहू सहित क्षेत्र के नागरिकजन एवं बड़ी संख्या में माताएं बहने उपस्थित रही।

# स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की सीएमएचओ से मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ जिला शाखा महासमुंद के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष विनय कुमार प्रधान के नेतृत्व में कर्मचारियों की समस्या को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव से मुलाकात की। जिसमें प्रमुख रूप से ब्लॉक बागबाहरा का लंबित वित्तीय मामला शामिल रहा।

ब्लॉक बागबाहरा में वर्ष 2023 में निष्पादित पल्स पोलियो कार्यक्रम, राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत किए गए सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम, परिवार नियोजन, कुष्ठ सर्वेक्षण, सिकल सेल जांच, आयुष्मान कार्ड निर्माण का राशि अब तक लंबित है। वर्ष 2022-23 से ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों को अनमोल एवं आरसीएच अद्यतन के लिए मोबाइल रिचार्ज प्रतिमाह 200 व मानदेय 300 का प्रावधान है। उक्त राशि पूरे जिले में आज पर्यंत अप्राप्त है।

इन मांगों को लेकर संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मुलाकात किया, जिस पर जिला अधिकारी ने कर्मचारियों की प्रत्येक मांग एवं समस्याओं को धैर्यपूर्वक विस्तार से सुना और जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया है। बागबाहरा ब्लॉक के बीपीएम को दूरभाष के माध्यम से प्रतिनिधि मंडल के उपस्थिति में ही संपर्क कर लंबित सभी वित्तीय प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकरण करने का निर्देश दिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कर्मचारियों से कहा कि सभी कर्मचारियों के सराहनीय कार्य के कारण आज महासमुंद जिला राष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है। प्रतिनिधि मंडल में आरके पैकरा, मनोज कुमार गायकवाड़, डोलामणी भोई, कीर्ति प्रधान, इवन साहू, चंद्रकुमार टांडे, किशन नारंग, सितेश दीवान, धनेश साहू, पदमन साव, हरिशंकर दीवान, डिगेंद्र परमार, लखन ध्रुव एवं लक्ष्मी रात्रे शामिल रहे।

### सांसद की मांग पर नपा बागबाहरा को मिली 2 करोड़ की सौगात

**तेंदूकोना।** उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नगर पालिका बागबाहरा के नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण किया। उन्होंने इस दौरान लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी की मांग पर नगर पालिका बागबाहरा को दो करोड़ रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की। महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी भी लोकार्पण कार्यक्रमों में शामिल हुईं। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व अटल बिहारी बाजपेयी छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता हैं। अलग राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। उनके सम्मान में राज्य के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। जानकारी देते हुए पिलेश्वर पटेल ने बताया कि भाजपा सरकार में सबसे विकास कार्य देखने को जनता को मिल रहा और आने वाले समय अनेको कार्य की सौगत जनता की हित में होगी। हमारी पार्टी के सरकार भूमिपूजन करके लोकार्पण करते है। नगर पालिका बागबाहरा की जनता के लिए बहुत बड़ी गौरव की बात है।

# रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में शामिल हुए रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा आयोजित एक माह के रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में गुरुवार को रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू शामिल हुए। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी सपत्नीक रुद्राभिषेक में शामिल हुए। वहीं प्रतिदिन की तरह बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण हवन पूजन में शामिल होने के लिए पूजा स्थल पहुंचे थे।

बता दें कि विशाल मेगा मार्ट परिसर में चल रहे एक माह का रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन कार्यक्रम में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुगण पुण्यलाभ प्राप्त कर रहे हैं। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी प्रतिदिन रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में शामिल हो रहे हैं। गुरुवार शाम में हवन पूजन में रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू शामिल होने पहुंचे। कार्यालय पहुंचे विधायक मोतीलाल साहू का विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने स्वागत अभिनंदन किया। पश्चात सभी हवन पूजन में शामिल होने पूजा स्थल पहुंचे। पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन कराया गया। हवन के बाद सभी ने मिलकर भगवान महादेव की आरती की। अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि श्रावण पवित्र माह में महादेव की पूजा अर्चना करना पुण्यदायी होता है। साथ ही यह सौभाग्य है कि हमें महादेव की पूजा करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वरिष्ठ भाजपा प्रकाश शर्मा, संदीप घोष, मनीष शर्मा सहित अन्य नेतागण व श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

**श्रावण के चौथे सोमवार को होगा रुद्राक्ष वितरण**

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा स्थल में रुद्राक्ष वितरण किया जा रहा है। प्रत्येक श्रावण सोमवार को आए हुए श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष वितरण किया जा रहा है। इस सोमवार श्रावण का चौथा और अंतिम सोमवार है। इस अवसर पर रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा।

# कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर श्रोताओं ने लिया हिंदी और छत्तीसगढ़ी कथाओं का आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा






श्रृंखला साहित्य मंच पिथौरा द्वारा 31 जुलाई को मुंशी प्रेमचंद जयंती मनाई गई। श्रृंखला साहित्य मंच द्वारा 1989 से मुंशी प्रेमचंद जयंती प्रतिवर्ष मनायी जाती है। पिथौरा के राजभवन सभागार में इस अवसर पर कथा वाचन एवं साहित्य संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरायपाली की सुपरिचित कथाकार डॉ. चंद्रिका चौधरी (सहायक प्राध्यापक हिंदी विभाग शासकीय वी.ब.सिं. महाविद्यालय सरायपाली) थीं। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ी के वरिष्ठ रचनाकार बंधु राजेश्वर राव खरे ने की।

डॉ. चंद्रिका चौधरी ने अपनी दो लंबी कहानियां चूड़ी वाला पिता और क्षितिज तक जाती नज़रें सुनाई। दोनों ही कहानी भावनात्मक रूप से अत्यंत उत्कृष्ट थीं, जिसमें नई कविता की काव्यात्मक शैली की झलक मिलीं। चूड़ी वाला पिता की ये पंक्तियाँ देखिए- यादों की लहरें उसका पीछा नहीं छोड़तीं। ये लहरें ही तो उसकी सांसें हैं जिन पर उसका बचा हुआ जीवन टिका है, सिर पर बचे आधे काले बालों की तरह!। इसी तरह क्षितिज तक जाती नज़रें की ये पंक्तियाँ देखिए- कोई मोड़ पैरों के आगे आ जाए तो ऊबड़-खाबड़ रास्तों से बचने का एक विकल्प मिल जाता है ज़िंदगी को। पर यहाँ तो ज़मीन ही रूठी पड़ी है तब रास्तों और मोड़ों की तलाश कहाँ करें? डॉ. चंद्रिका की कहानियां लंबी होने के बावजूद श्रोताओं को आखिरी तक कहानी का आनंद लेने के और तालियां बजाने के लिए मजबूर करती रहीं। अध्यक्ष की आसंदी से बंधु राजेश्वर राव खरे ने एक कहानी और एक व्यंग्य रचना का पाठ किया। बंधु राजेश्वर राव की छत्तीसगढ़ी की देशज संवाद शैली से ओतप्रोत कहानी की हर पंक्ति पर श्रोताओं की वाहवाही के साथ तालियां बजती रहीं। उनकी कहानी जात बाहिर की ये पंक्तियां देखिए- सब्बल के अनीत गोठ ला घला नीत माने जाथे अउ दुब्बर के नीत बात ला घला नीत माने बर लोगन पीछू घुंचथें। इही बात हा समाज के कमजोरी होथे। कहानी के अलावा खरे की व्यंग्य रचना भी अत्यंत धारदार और प्रभावशाली थी, जिसमें श्रोताओं ने कवि सम्मेलन जैसा आनंद उठाया। खरे की व्यंग्य रचना पान वाला के कत्था चूना की ये पंक्तियाँ देखिए- कुकरा ये सोचही कि मैं बासथंव तब बिहनिया होथे तब ये ओकर गलत सोच आय। कुकरा बासय चाहे झन बासय बिहनिया होबेच करही। पानवाला के ये चुरपुरावत गोठ ला सुनके ओ चारों झन के मुंह हा बिना पान खाय घलो लाल लाल होगे राहय। इन दोनों प्रमुख रचनाकारों के रचना पाठ के पूर्व श्रृंखला साहित्य मंच के वरिष्ठ सदस्य अनूप दीक्षित ने अपने उद्बोधन में मुंशी प्रेमचंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके कथा संसार के अनेक पहलुओं पर ज्ञानवर्धक जानकारी दी। कार्यक्रम में श्रृंखला साहित्य मंच के स्थानीय रचनाकारों एवं बाहर से आए हुए रचनाकारों ने भी अपनी कहानियों एवं कविताओं का पाठ किया। इन रचनाकारों में सर्व प्रवीण प्रवाह, अनूप दीक्षित, एस के डड़सेना, रमेश सोनी (बसना), एफए नंद, संतोष गुप्ता, निर्वेश दीक्षित, माधव तिवारी, गुरप्रीत कौर, सरोज साव, जीतेश्वरी साहू, उत्तरा सिन्हा ने रचना पाठ किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन श्रृंखला साहित्य मंच के वरिष्ठ सदस्य उमेश दीक्षित ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रजिंदर खनूजा, मनराखन ठाकुर, सुरेंद्र सिंह सलूजा सहित नगर के अनेक नागरिक व श्रोतागण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आदिवासी समाज के पदाधिकारियों का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। आभार प्रदर्शन श्रृंखला साहित्य मंच के वरिष्ठ सदस्य शशि कुमार डडसेना ने किया।

## सायकिल से 181 दिन की तीर्थ यात्रा पूर्ण कर लौटे युवक का नपाध्यक्ष ने किया

# ओमप्रकाश ने समाज को संदेश दिया दृढ़ निश्चय से कठिन कार्य भी संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




साइकिल से 181 दिन तक 13 हजार किलोमीटर की तीर्थ यात्रा पूर्ण कर महासमुंद लौटे ग्राम नांदगांव निवासी युवक ओमप्रकाश पटेल का नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका कार्यालय में आत्मीय स्वागत किया। यात्रा पूर्ण कर साइकिल से ओमप्रकाश नपाध्यक्ष साहू से भेंट करने पालिका कार्यालय पहुँचे थे। साहू ने कहा कि ओमप्रकाश ने समाज को संदेश दिया कि दृढ़ निश्चय से कठिन कार्य भी संभव है। सायकिल यात्रा से उन्होंने समाज को समझने और जानने के साथ ही सनातनियों को राष्ट्रहित, राष्ट्र प्रेम, धर्म और संस्कृति के सम्मान के लिए प्रेरित किया है।

ओमप्रकाश ने नगर पालिका अध्यक्ष साहू को बताया कि इस इस यात्रा से पूर्व उन्होंने 12 ज्योतिर्लिंगों में से चार धाम बद्रीनाथ, रामेश्वरम, द्वारिका धाम, जगन्नाथ पूरी की यात्रा ट्रेन से की थी। लेकिन, इस यात्रा से वे संतुष्ट नहीं हुए तो 1 फरवरी 2025 को उन्होंने साइकिल से धर्म स्थलों की यात्रा पूरी करने की ठानी। उन्होंने सिरपुर से अपनी सायकिल यात्रा शुरू कर तुरतुरिया, गिरौधपुरी, बिलासपुर के रतनपुर महामाया का दर्शन कर मध्यप्रदेश प्रवेश किया। वहां से अमरकंट, मैहर, बागेश्वर धाम, चित्रकोट, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, वृंदावन, आगरा दिल्ली, हरियाणा, पंजाब अमृतसर स्वर्ण मंदिर, जम्मू कटरा वैष्णो देवी के दर्शन किए। हिमाचल के शक्तिपीठ नैना देवी, चामुंडा देवी, ज्वाला देवी, चिंतपूर्णी, कांगणा देवी का दर्शन किया। वहां से उत्तराखंड प्रवेश कर केदार नाथ बद्रीनाथ, तुंगनाथ शिव मंदिर, मानागाँव पांडव स्वर्ग लोक गमन, 18 वेदों की उत्पत्ति स्थल, सरस्वती माता उद्गम स्थल वसुधारा का दर्शन किया। पश्चात, वहां से वापस हरिद्वार, अयोध्या, गोरखनाथ दर्शन किया। ओमप्रकाश ने पशुपति नाथ नेपाल, जनकपुर जानकी मंदिर, राम जानकी विवाह मंडप स्थल नेपाल, पशुपति नाथ दर्शन कर वापस बिहार होते हुए बाबा बैद्यनाथ धाम झारखंड, राची होते हुए अंबिकापुर की ओर से रायगढ़ छग आया। जहां सत्यनारायण बाबा व माता चंद्रहासिनी के दर्शन कर शिवरीनारायण होते हुए जहां से यात्रा प्रारंभ किया था सिरपुर वापस आया। उन्होंने 181 दिन में यात्रा पूर्ण कर लिया। पालिकाध्यक्ष साहू ने ओमप्रकाश के हौसले व सनातन धर्म के प्रति सम्मान को प्रेरणास्पद बताया। इस अवसर पर सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, सभापति ईश्वरी संजय भोई, सभापति गुलशन साहू, पार्षद नीरज चंद्राकर, पूर्व पार्षद कपिल साहू आदि उपस्थित रहे।

